मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 15 मार्च, 2007 (फाल्गुन 24, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, स्कूल शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के विनियम, 1974 के नियम 48 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2005-2006 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री सज्जन सिंह वर्मा, आरिफ अकील तथा डॉ. सुनीलम्, सदस्य, इंदौर में हुई छेड़खानी की घटना को लेकर साम्प्रदायिक तनाव फैलने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री रामलखन शर्मा, इन्द्रजीत कुमार तथा सत्यदेव कटारे, सदस्य, रीवा जिले सहित प्रदेश के अनेक जिलों में ओलावृष्टि से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री ज्ञान सिंह, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंघी समिति का पन्द्रहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

" सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के पन्द्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है. ".

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री ताराचन्द बावरिया, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम सिरगुली कला के पास पेंच नदी पर सुरक्षा दीवार बनाये जाने,

(2) श्री मधुकर हर्णे, सदस्य, होशंगाबाद जिले के -

(क) ग्राम अजनेरी से बैगनिया तक मार्ग एवं रपटा बनाये जाने,
(ख) ग्राम भानपुर से शोभापुर तक मार्ग निर्माण हेतु राशि आवंटित कराये जाने,
(ग) ग्राम लखनपुर से ढाना तक मार्ग एवं पुलिया हेतु राशि आवंटित कराये जाने,
(घ) ग्राम उटियां से अजेरा तक मार्ग एवं पुलिया हेतु राशि आवंटित कराये जाने, तथा
(ङ) ग्राम बरखेड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(3) पं. हरिचरण तिवारी, सदस्य, राजगढ जिले के -

(क) राजगढ़ मुख्यालय में विकलांगों के लिये छात्रावास खोले जाने,
(ख) राजगढ़ में रिक्त प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी चिकित्सकों की पदस्थापना किये जाने,
(ग) ग्राम करनवास में हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोले जाने,
(घ) ग्राम किला अमरगढ़ में पुलिस चौकी स्थापित किये जाने, तथा
(ङ) राजगढ़ में मिनी आई.टी.आई. केन्द्र प्रारंभ किये जाने,

(4) श्री रामदास उईके, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव के ग्राम नवेगांव जलाशय से भतोड़िया तक नहर निर्माण की स्वीकृति प्रदान किये जाने, एवं

(5) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -

(क) ग्राम बिलहरा स्थित हाई स्कूल का उन्नयन कराये जाने,
(ख) ग्राम पनारी स्थित माध्यमिक शाला का उन्नयन कराये जाने, तथा
(ग) तहसील तेंदूखेड़ा स्थित विश्राम गृह को पुनः संचालित कराये जाने

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

6. वर्ष 2006-2007 की तृतीय अनुपूरक मांगों पर मतदान

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

2 घन्टे

"दिनांक 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 1, 3, 4, 5, 6, 7,8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 36, 39, 40, 41, 42, 43, 45, 47, 50, 51, 52, 53, 55, 56, 58, 60, 62, 64, 65, 66, 67, 68, 76, 79, 80, 81 एवं 82 के लिये राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर सत्रह सौ चौंतीस करोड़, छियासी लाख, आठ हजार छह सौ रूपये की अनुपूरक राशि दी जाय."

7. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक, 2007 (क्रमांक 4 सन् 2007) का पुरःस्थापन* करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगें कि विधेयक पारित किया जाय.

8. वर्ष 2007-2008 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

1 घन्टा 30 मि. (शेष 1 घन्टा 15 मि.	(1)	मांग संख्या - 10	वन
		मांग संख्या - 36	परिवहन.
3 घन्टे	(2)	मांग संख्या -21	आवास एवं पर्यावरण
		मांग संख्या -22	नगरीय प्रशासन एवं विकास-नगरीय निकाय
		मांग संख्या -53	अनुसूचित जाति उपयोजनांतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या -68	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या -75	नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता.
2 घन्टे 30 मि.	(3)	मांग संख्या - 12	ऊर्जा
		मांग संख्या - 24	लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल
		मांग संख्या - 42	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल
		मांग संख्या - 67	लोक निर्माण कार्य-भवन
		मांग संख्या - 69	सूचना प्रौद्योगिकी
		मांग संख्या - 73	त्वरित विद्युत विकास से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 76	लोक निर्माण से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.
2 घन्टे	(4)	मांग संख्या - 17	सहकारिता
		मांग संख्या - 39	खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण.
2 घन्टे 30 मि.	(5)	मांग संख्या - 27	स्कूल शिक्षा (प्रारम्भिक शिक्षा)
		मांग संख्या - 28	राज्य विधान-मंडल
		मांग संख्या - 29	विधि और विधायी कार्य
		मांग संख्या - 77	स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य व्यय (प्रारंभिक शिक्षा को छोड़कर).

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 14 मार्च, 2007

*** अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.**